पत्र संख्या-स्था-5(ख)-पदोन्नति -प्रशासनिक अधिकारी-2018-19// 793 // वाणिज्य कर

कार्यालय-कमिश्नर, वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश

(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)

लखनऊ // दिनांक // 28 मई, 2019

**-:: आदेश ::-**

शासनादेश संख्या-क0नि0-4-1269/11-2011-30(5) / 2011 दिनांक 26-09-2011 तथा उत्तर प्रदेश सरकारी विभाग लिपिकीय संवर्ग सेवा नियमावली-2014 मे दिये गये प्राविधानानुसार विभागीय पदोन्नति समिति की संस्तुति के आधार पर वाणिज्य कर विभाग में कार्यरत निम्नलिखित प्रधान सहायकों (वेतन बैण्ड-2-9300-34800 सादृश्य ग्रेड वेतन 4200 / लेवल-6) को प्रशासनिक अधिकारी (वेतन बैण्ड-2-9300-34800 सादृश्य ग्रेड वेतन 4600 / लेवल-7) के पद पर पदोन्नति प्रदान करते हुए अग्रिम आदेशों तक उन्हें उनके वर्तमान तैनाती स्थान पर बनाये रखा जाता है:-

| क्र0सं0 | ज्ये0क्र0 | कर्मचारी का नाम / सर्वश्री | पिता का नाम सर्वश्री /स्व0 | वर्तमान तैनाती |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 1312 | राम चरण | दयाराम | बॉदा |
| 2 | 1313 | नवनीत कुमार शर्मा | कांति प्रसाद शर्मा | मुजफ्फरनगर |
| 3 | 1315 | श्रीकृष्ण सिंह | अमर सिंह | मेरठ |
| 4 | 1316 | अजय कुमार भारती | सुखराज राम | वाराणसी |
| 5 | 1317 | गयासुल हक | गुफरानुल हक | मुख्यालय |
| 6 | 1318 | श्याम लाल | मंगेर प्रसाद | लखनऊ |
| 7 | 1319 | संजय कुमार जैसल | गया प्रसाद | मिर्जापुर |
| 8 | 1320 | वेद प्रकाश दुबे | गिरिजा शंकर दुबे | मिर्जापुर |
| 9 | 1321 | विवेक कुमार मित्तल | स्व0भूषण लाल मित्तल | बुलन्दशहर |
| 10 | 1327 | लक्ष्मी श्रीवास्तव | स्व0अजय श्रीवास्तव | मुख्यालय |
| 11 | 1328 | राजेश कुमार वर्मा | संत सरन | मुख्यालय |
| 12 | 1329 | जसवंत कुमार | मन्नी लाल | मुख्यालय |

2- उपरोक्त पदोन्नत कार्मिकों की तैनाती विभिन्न जोन / कार्यालयों में स्वीकृत पदों के सापेक्ष अलग से सुनिश्चित करायी जायेगी।

3- सम्बन्धित नियन्त्रक अधिकारियों को निर्देश दिये जाते हैं कि वह उपरोक्त पदोन्नत कर्मचारियों को पदोन्नति आदेश तामील कराते हुये उनके वर्तमान तैनाती स्थान पर ही प्रशासनिक अधिकारी के पद पर दिनांक 07-06-2019 तक कार्यभार ग्रहण करायें तथा यदि कोई कार्मिक किन्हीं कारणों से पदोन्नति के पद पर कार्यभार ग्रहण करने का इच्छुक न हो, तो उससे उक्त आशय का पदोन्नति फोरगो प्रार्थना पत्र प्राप्त करके तत्काल अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायें।

4- संबंधित नियन्त्रक अधिकारी / संभागीय अधिकारी कृपया यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि उपर्युक्त पदोन्नत कार्मिकों में से किसी कार्मिक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के अन्तर्गत आरोप पत्र / नोटिस निर्गत हो, सतर्कता जॉच / ई0 ओ0 डब्ल्यू0 जॉच चल रही हो तो ऐसे कार्मिक

पर यह पदोन्नति आदेश प्रभावी न मानते हुए उन्हें कार्यभार ग्रहण न कराए और अधोहस्ताक्षरी को तत्काल सूचित करें।

5- वर्तमान में यदि कोई कर्मचारी स्तम्भ-5 में अंकित स्थान से स्थानान्तरित हो गया हो तो उसकी वर्तमान तैनाती का स्थान तदनुसार संशोधित मानकर सम्बन्धित नियन्त्रक अधिकारी अपने स्तर से सम्बन्धित कर्मचारी को इस पदोन्नति आदेश की एक प्रति तामील कराते हुये कार्यभार ग्रहण करायेंगे और इसकी सूचना मुख्यालय को उपलब्ध करायेंगे।

6- संबंधित नियन्त्रक अधिकारी / संभागीय अधिकारी कृपया यह भी सुनिश्चित कर लें कि उपर्युक्त पदोन्नत कार्मिकों में से यदि किसी कार्मिक की लिपिक वर्गीय कार्मिकों की ज्येष्ठता सूची दिनांक 09-11-2015 में निर्धारित ज्येष्ठता उसकी तदर्थ नियुक्ति की तिथि से अवस्थित है, तो ऐसे कार्मिक पर भी यह पदोन्नति आदेश प्रभावी न मानते हुए उन्हें कार्यभार ग्रहण न कराए और मुख्यालय के पत्रसंख्या-4466 दिनांक 22-11-2018 के क्रम में वांछित सूचना संबंधित कार्मिक के मौलिक नियुक्ति आदेश एवं तदर्थ नियुक्ति आदेश की प्रमाणित छायाप्रतियों सहित अधोहस्ताक्षरी को तत्काल उपलब्ध करायें।

ह0/-
( सुधा वर्मा )
एडीशनल कमिश्नर(प्रशासन)वाणिज्यकर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

<u>पृष्ठांकन संख्या व दिनांक // उक्त।</u>

**प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-**

1- कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश लखनऊ।

2- जोनल एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्यकर, झाँसी / सहारनपुर / मेरठ / वाराणसी-प्रथम / वाराणसी द्वितीय / लखनऊ प्रथम / लखनऊ द्वितीय / गाजियाबाद द्वितीय।

3- ज्वाइन्ट कमिश्नर(कार्यपालक)वाणिज्यकर, बाँदा / मुजफ्फरनगर / मेरठ-ए / वारणसी-ए / लखनऊ-ए / मिर्जापुर / बुलन्दशहर।

4- ज्वाइन्ट कमिश्नर (आई0टी0),वाणिज्य कर, मुख्यालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु।

5- सम्बन्धित नियन्त्रक अधिकारी, वाणिज्य कर, झाँसी / मुजफ्फरनगर / मेरठ / वाराणसी / मुख्यालय / लखनऊ / मिर्जापुर / बुलन्दशहर ।

6- सम्बन्धित आहरण वितरण अधिकारी, वाणिज्य कर, झाँसी / मुजफ्फरनगर / मेरठ / वाराणसी / मुख्यालय / लखनऊ / मिर्जापुर / गाजियाबाद ।

7- चरित्र पंजिका सेल, वाणिज्य कर स्थापना अराजपत्रित अनुभाग मुख्यालय।

8- पटल प्रभारी स्था-4ख, 4ग, 4घ, 5क व स्था-6 सामान्य वाणिज्य कर मुख्यालय।

9- सम्बन्धित कर्मचारियों को (नाम से)।

28.5.19
( वीरेन्द्र नारायण वर्मा )
डिप्टी कमिश्नर(स्था0अराज0)वाणिज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ।